10 वीं कक्षा में कार्तिक खमेसरा ने टॉप किया राजसमन्द

माई झुं. न्यूज। सीबीएसई बोर्ड दसवीं परीक्षा में कार्तिक पुत्र प्रसन्न कुमार खमेसरा ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजसमन्द जिले में टॉप किया है। बचपन से ही पढ़ाई को लेकर गम्भीर हंसमुख स्वभाव के कार्तिक ने नवीं कक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे तथा मेहनत लगन एवं लक्ष्य भेदन के जरिये इस बार 10वीं में टॉप किया है। दूरभाष पर कार्तिक ने बताया कि लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल से पढ़ने के बाद अब कोटा में आईआईटी की तैयारी के लिए क्लासेज कर रहे हैं आगे एरोस्पेस इंजीनियरिंग में जाने की इच्छा रखते हैं।

विदित है कि प्रसन्न कुमार खमेसरा झुंझुनूं डीवाईएसपी रह चुके हैं तथा वर्तमान में राजसमन्द में एडीशनल एसपी पद पर अपनी सेवायें दे रहें हैं।

नगरपालिका को डेढ़ करोड़ रुपये मंजूर

झुंझुनू, 8 मईः विधान सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा सिंह के विशेष प्रयासों से झुंझुनू नगरपालिका क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष में विकास कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ रूपये की राशि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। विधान सभा अध्यक्ष ने दूरभाष पर बताया कि झुंझुनू नगरपालिका के लिए पहली बार विकास कार्यों के लिए एक साथ इतनी बडी राशि मंजूर कराई गई है। यह राशि शहर सौन्दर्यकरण, नाला–नाली निर्माण, रोशनी व्यवस्था आदि कार्यों पर खर्च करके शहर विकास को गति प्रदान की जाएगी। नगरपालिका आयुक्त राजेन्द्र जोशी ने बताया कि इतनी बड़ी राशि से शहर के सभी वार्डों में विकास के कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। हरिजन बस्ती को भी प्राथमिकता दी जाएगी। विधान सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा सिंह ने बताया कि जिले की खेतड़ी नगरपालिका को भी एक करोड़ रूपये राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं।

मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया सीकर में केलीपर्स शिविर

माई झुं. 15 मई। जिला कलेक्टर मंजू राजपाल ने समाज के कार्य अहंकार रहित भावना के साथ करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि समाज में किसी जरूरतमंद को सम्बल प्रदान करना सेवा का एक सर्वोत्तम स्वरूप है और इस भावना को लागों में प्रबल कर हम एक स्वस्थ समाज की संरचना का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

सुश्री राजपाल मंगलवार को यहां धन लक्ष्मी विश्राम गृह में मारवाड़ी युवा मंच–झुंझुनू द्वारा दिगम्बर जैन साध्वी आर्यिका सुपार्श्वमती स्वर्णिम दीक्षा महोत्सव समिति तथा लक्ष्मीनारायण फागलवा वाला जन कल्याण प्रतिष्ठान के सहयोग से आयोजित निःशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर के उद्घाटन समारोह में बोल रही थी। जिला एवं सैशन न्यायाधीश एन.के. जैन ने सत्य, संयम और शील भावना से समाज सेवा प्रकल्पों के संचालन की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही युवा वर्ग में सामाजिक दायित्व बोध विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने साध्वी आर्यिका सुपार्श्वमती के विराट व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख सांवरमल मोर व साध्वी प्रमिला ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष हरीश तुलस्यान ने मंच के अखिल भारतीय स्वरूप और मंच द्वारा संचालित सेवा प्रारूपों की जानकारी दी जबकि मंच की झुंझुनूं शाखा के अध्यक्ष सम्पत चुड़ेलेवाला ने आभार ज्ञापित किया। समारोह में मंच के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अशोक वूचा व सीताराम फागलवावाला, विजय जयपुरिया, धर्मचन्द मोदी, मनीष अग्रवाल, राजेश केजड़ीवाल, प्रमोद मोदी, नवल खण्डेलिया, राकेश सेठी तथा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जिले को ऊंचाईयों पर पहुंचाएं–राजेन्द्र राठौड़

झुंझुनू, 26 मईः सार्वजनिक निर्माण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि राज्य सरकार की मंशा और प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करके जिले को ऊंचाईयों पर पहुचाने का प्रयास करें। सभी अधिकारी कर्तव्य परायणता से कार्य करके एक छाप छोड़कर जाएं ताकि उन्हें बाद में भी याद किया जा सके। वे शनिवार को यहां कलेक्ट्रेट सभा भवन में जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली बार जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि वे जन प्रतिनिधियों से तालमेल रखकर दिए और बताए गये कार्यो को समय पर पूरा करें।

प्रारंभ में जिला कलेक्टर दिनेश कुमार ने विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराते हुए प्रभारी मंत्री द्वारा पहली बार ली जा रही बैठक में प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित जन प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सचिन मितल, सूरजगढ़ विधायक सुन्दरलाल, खेतड़ी विधायक दाताराम, उप जिला प्रमुख विजयपाल धनकड़, बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती संतोष अहलावत, अलसीसर पंचायत समिति प्रधान नरेन्द्र कुमार, पूर्व विधायक डा. मूल सिंह शेखावत, रामनिवास सैनी (उदयपुरवाटी), सुमेर सिंह मीणा सहित जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता महेन्द्र कुमार वर्मा, विद्युत वितरण निगम के संभागीय मुख्य अभियन्ता के.सी. मोदी, जिला परिषद के सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देव आंदन माथुर, सभी उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी, नगरपालिकाओं के अधिशाषी अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री ने अगली बैठक में जिले के सांसद, विधायकगण एवं प्रधान को बुलाने के निर्देश भी दिए।

गंगा दशहरा का शास्त्रीय महत्व –पं. महावीर प्रसाद शर्मा

माई झुं. न्यूज। श्री गंगादशमी (गंगा दशहरा)को गंगावतरण ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हस्त नक्षत्र में गंगाजी का इस धरा धाम पर भागीरथ की तपस्या के बल पर अवतरण हुआ था। इसलिए इस दिन गंगा दशहरा मनाया जाता है। दश+अर्ह इस व्युत्पति से भी दशमी तिथि ही सिद्ध होती है। जिस वर्ष में ज्येष्ठ अधिक मास बनता हो, तब शास्त्रों में गंगा दशहरा अधिक मास में ही मनाने की शास्त्रीय स्वीकृति है। यथा ज्येष्ठे मल मासे सति तन्नैव दशहरा कार्यान्न तु शुद्धे (धर्म सिन्धु)इस दिन प्रथम ज्येष्ठ शुक्ला दशमी शनिवार 26 मई 2007 को शास्त्र प्रमाणानुसार मनाना शास्त्र सम्मत है।

अतएव गंगावतरण के दिन गंगा आदि का स्नान, अन्न वस्त्रादि का दान, जप तप उपासना और उपवास किये जाए तो दस प्रकार के पाप (तीन प्रकार के कायिक, चार प्रकार के वाचिक और तीन प्रकार के मानसिक)दूर होते हैं। कई तीर्थों में यह 25 जून 2007 को भी मनाया जावेगा। स्कन्द पुराण में कहा है 1. ज्येष्ठ मास, 2. शुक्ल पक्ष 3. दशमी 4. बुधवार 5. हस्त नक्षत्र 6.व्यतीपात 7. गर 8. आनन्द 9. वृष राशिस्थ रवि और कन्या का चन्द्र हो तो यह अपूर्व योग महाफलदायक होता है। गंगा दशहरा में दशाश्वमेघ घाट पर स्नान करके शिवलिंग का दस संख्या के गंध, पुष्प, धूप दीप, नैवेद्य और फलादि से पूजन करके रात्रि जागरण करें तो अनन्त फल होता है। यदि सामर्थ्य न हो तो समीप के किसी भी जलाशय या कूप या घर के शुद्ध जल से स्नान कर सुवर्णादि के पात्र में त्रिनेत्र, चतुर्भुज सर्वावयभूषित, रत्नकुम्भधारिणी श्वेत वस्त्रादि से विभूषित कर और अभयमुद्रा से युक्त श्री गंगाजी की प्रशान्त मूर्ति अंकित करें। अथवा किसी साक्षात् मूर्ति के समीप बैठ जाय। फिर ऊं नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गंगायै नमः से आवाहनादि षोडशोपाचार पूजन करे तथा इन्हीं नामों से नमःके स्थान पर स्वाहायुक्त करके 1 माला का हवन करे। फिर राजा भागीरथ एवं गंगा के उदगम स्थल हिमालय का नाम मंत्र पूजन करें। फिर दस फल, दस दीपक और दस सेर तिल इनका गंगायै नमः कहकर दान करें।

साथ ही घी मिले सत्तू और गुड़ के पिण्डजल में डाले। इसके अतिरिक्त 10 सेर गेहूं ब्राह्मणों को दें। ज्येष्ठ शुक्ला प्रतिपदा से दशमीतक दशहरा स्त्रोत्र का पाठ करें प्रतिदिन एक एक बढ़ाता हुआ करे इससे सर्व पाप समूल नष्ट हो जाते हैं और दुर्लभ सम्पत्ति प्राप्त होती है।

–पं. महावीर प्रसाद शर्मा
बीदासर मोबाइल 9460513758

मैरिट में आने पर अभिषेक को बधाई दी जिला कलेक्टर दिनेशकुमार ने

माई झुं. न्यूज। 12 वीं विज्ञान वर्ग की राज्य स्तरीय मैरिट सूची में छठा गौरवशाली स्थान प्राप्त करने पर जिला कलेक्टर श्रीमान दिनेश कुमार ने झुंझुनूं एकेडमी के छात्र अभिषेक को मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी। श्रीमान दिनेश कुमार ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि गणित विषय के साथ मैरिट में आना अपने आप में एक कठिन कार्य है जिसे अभिषेक ने बखूबी निभाया है तथा छात्र के आई आई टी में भी अच्छे नम्बर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि झुंझुनूं एकेडमी विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार मैरिट देकर राज्य में जिले को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान देगा।

विद्यालय प्रधानाचार्य श्री मोहनलाल धायल ने जिलाधीश महोदय को धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यालय का सभी वर्गों एवं संकायों में सदैव ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहता है।

इस अवसर पर छात्र के पिता श्री बनवारीलाल, माता श्रीमती सीमा, झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई प्रिंसीपल डॉ. प्रमोद कुमार एवं छात्रावास अधीक्षक श्री कुरड़ाराम धींवा उपस्थित थे।

न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल की तीन मैरिट

माई झुंझुनूं न्यूज। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सोमवार को घोषित बारहवीं ललित कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में झुंझुनूं की न्यू राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय ने तीनों मैरिट अपने नाम कर ली। जिसमें सैनिक नगर की रहने वाली मनीषा कुलहरी राज्य भर में प्रथम स्थान पर रही हैं, मनीषा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय एवं परिजनों को दिया है। उसके पिता रघुवीर सिंह विदेश में कार्यरत है जबकि माता अलसीसर में एएनएम हैं। मनीषा अपना प्रेरणास्रोत ताऊ एवं ताई को मानती हैं।

नियमित रूप से पांच घंटे तथा परीक्षा के दौरान दस घंटे अध्ययन करने वाली मनीषा ने 650 में 589 अंक हासिल किए हैं। मैरिट में आने की सूचना विद्यालय से ही मिली। मूल रूप से पुरोहितों की ढाणी निवासी मनीषा को मैरिट में आने की उम्मीद तो थी लेकिन पूरा विश्वास नहीं था। मनीषा को टीवी देखना एवं कहानियों की किताबें पढ़ना पसंद है। मेहनत करना एवं ज्यादा पढ़ना ही मनीषा सफलता का मूलमंत्र मानती है। वे आईएएस बनना चाहती है।

बारहवीं ललित कला वर्ग के परीक्षा परिणाम में राज्य में दूसरा स्थान हासिल करने वाली मनीषा दूत सफलता के लिए मेहनत, दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास को जरूरी मानती है। सांकृतिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाली मनीषा ने सफलता का श्रेय टीचर एवं परिजनों को दिया है। मनीषा ने कुल 650 में से 585 अंक हासिल किए हैं। छात्रा मनीषा के पिता शिशुपाल नेवी में हैं, जबकि माता सावित्री देवी गृहिणी हैं। उसको मैरिट में आने की उम्मीद पहले से ही थी। उसके साल भर चार घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की। वह नवलगढ़ के कोसलिया की रहने वाली हैं। वह बड़ी होकर आदर्श टीचर बनना चाहती हैं। वह अपना प्रेरणा स्रोत शिक्षाविद् चतुरसिंह शेखावत को मानती हैं। जैसे ही स्कूल में एक साथ तीन बच्चों के मैरिट आने की खबर मीली हर्ष एंव खुशी का माहौल बन गया, सोमवार को इस अवसर पर विद्यालय परिसर में इन छात्र–छात्राओं का रंग गुलाल व माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया। मिठाइयां बांट कर खुशी प्रकट की गयी। विद्यालय निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सदर थाने में वाटर कूलर भेंट किया

माई झुं. न्यूज। ग्राम पंचायत बिशनपुरा सरपंच श्रीमती सरोज देवी ने अपने श्वसुर स्व. श्री मुकन्दाराम धींवा की स्मृति में सदर थाना झुंझुनूं को एक वाटर कूलर भेंट किया है। वाटर कूलर का उद्घाटन पुलिस उपाधीक्षक महोदय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर थानाधिकारी श्री सुरेन्द्र दानोदिया, ट्रेफिक इन्चार्ज श्री रमेश चन्द्र शर्मा, सरपंच पति श्री कुरड़ाराम धींवा, न्यू झुंझुनूं एकेडमी प्रिंसीपल मोहनलाल धायल, झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई प्रिंसीपल डॉ. प्रमोद कुमार उपस्थित थे। सरपंच पति श्री कुरड़ाराम धींवा ने कहा कि जिस प्रकार पुलिस प्रशासन निःस्वार्थ भाव से आमजन की सेवा एवं सुरक्षा करता है, बदले में हमारा भी यह नैतिक दायित्व बनता है कि आमजन भी उनमें विश्वास रखे और विभाग के कार्यों में सहयोग करें।

कवि मोहन माधुरी को श्रद्धांजलि

माई झुं. 19 मई। पुरोहित गेस्ट हाउस चूणा चौक राणी सती रोड़ में शनिवार शाम हुई शोकसभा में दिवंगत कवि मोहन माधुरी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई। विदित है कि पिछले दिनों अचानक हृदय गति रूक जाने से कवि मोहन माधुरी का देहांत हो गया था। कवि माधुरी मूल रूप से सीकर जिले के रामगढ़ के रहने वाले थे तथा झुंझुनूं उनका ससुराल है। कवि मोहन माधुरी के लेखन का मुख्य आधार शेखावाटी भाषा थी। उनको राष्ट्रीय स्तर पर माधुरी उपाधि से नवाजा गया था। श्रद्धांजलि सभा में ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष डा. दयाशंकर बावलिया, एएसपी विष्णुकुमार गौड़, पवन पुजारी, श्याम बरफिया,बनवारीलाल महमिया, एडवोकेट सुशील जोशी, भवानीशंकर पुरोहित,किशन छक्कड़, गौतम पुजारी , उमाशंकर महमिया, पवन पंसार, अजय तिवाड़ी सहित अन्यजन उपस्थित थे।

सेवाभारती के चिकित्सा शिविर में 587 रोगियों की जांच

माई झुं. 20 मई। चिड़ावा तहसील के अमरपुरा गांव में सेवा भारती समिति द्वारा रविवार को बहुउदेश्यीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. दयाशंकर बावलिया, बैद्य उमेश कुमार शर्मा, डा. नवीन बेनिवाल, एक्यूप्रेशन के डॉ. वी.के. चावला ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान की। शिविर में सेवा भारती नगर अध्यक्ष बिहारी लाल सैनी सचिव सुभाष शारण तहसील मंत्री तनसुख रांका मनोज जीनगर आदि ने सराहनीय सेवा की तथा उप जिला प्रमुख विजयपाल धनकड़ विकास शर्मा रवि शर्मा मनोज प्रवीण आदि ने पुरा सहयोग दिया।

इस शिविर में 587 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर डा. बावलिया विजयपाल धनकड़ व नगर अध्यक्ष बिहारी लाल सैनी ने विचार व्यक्त किये। सेवा भारती के नगर अध्यक्ष बिहारी लाल सैनी ने सभी चिकित्सकों व कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र व प. मातादीन शर्मा द्वारा उनकी धर्मपत्नी स्व. रूकमणी देवी की याद में स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन तनसुख जी ने किया।

लेण्डलाईन पर नई स्कीम

माई झुं. न्यूज। बी के बेसिक फोन उपभोक्ताओं के लिए विभाग ने 99 रू–प्रतिमाह की नई स्कीम शुरू की है जिसमें कोई भी लेण्ड लाईन न. से उक्त 99 रू– प्रतिमाह देकर शहर (City) में BSNL के किसी भी लेण्ड लाईन नम्बर पर अनलिमिटेड फ्री बात की जा सकती है। इसे शुरू करने हेतु बेसिक फोन से 1500 नम्बर पर रजिस्ट्रेशन या विभाग में आवेदन देकर पंजीकरण करवाया जा सकता है।

उच्च न्यायालय में 4 जून से 1 जुलाई तक ग्रीष्मावकाश

जयपुर, 21 मई। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने एक अधिसूचना जारी कर राजस्थान उच्च न्यायालय में सोमवार 4 जून से 1 जुलाई 2007 तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया है। उच्च न्यायालय ग्रीष्मावकाश के बाद 2 जुलाई को पुनः खुलेगा। जोधपुर स्थित प्रमुख पीठ में न्यायमूर्ति श्री भवरूं खां को 4 जून से 17 जून तथा न्यायमूर्ति श्री डी.एन. थानवी को 18 जून से 1 जुलाई तक के लिए अवकाशकालीन न्यायाधीश मनोनीत किया है।इसी प्रकार जयपुर पीठ में न्यायमूर्ति श्री गुमान सिंह 4 जून से 17 जून तक तथा न्यायमूर्ति श्री मोहम्मद रफीक 18 जून से 1 जुलाई तक अवकाशकालीन न्यायाधीश के रूप में कार्य देखेंगे।